खण्ड–अ (व्याख्यात्मक)

**Section-A (Descriptive)**

*For Office Use Only*

महाराणा प्रताप महाविद्यालय ग्रन्थालय जंगल धूसड़, गोरखपुर 27-5-23

**HND 520**

**M.A. IVth SEMESTER EXAMINATION, 2023**

**HINDI**

**(हिन्दी निबन्ध एवं नाटक)**

**(CBCS Mode)**

| Important Instruction : | महत्वपूर्ण निर्देश : |
|---|---|
| **The question paper is in two sections : Section-A (Descriptive) will be of 15 marks and Section-B (Objective) will be of 60 marks.** Section-A will be deposited at the end of the examination and answer sheet (OMR) of Section-B will be deposited. | **प्रश्न पत्र दो भागो में है : खण्ड–अ (व्याख्यात्मक) 15 अंकों का होगा एवं खण्ड–ब (बहुविकल्पीय) 60 अंक का होगा।** खण्ड–अ परीक्षा के अन्त में जमा कर लिया जायेगा एवं खण्ड–ब का उत्तर पत्रिका (OMR) जमा होगा। |

**अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (In Figures) :**

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |
| ① | ① | ① | ① | ① | ① | ① | ① | ① | ① | ① | ① | ① | ① | ① |
| ② | ② | ② | ② | ② | ② | ② | ② | ② | ② | ② | ② | ② | ② | ② |
| ③ | ③ | ③ | ③ | ③ | ③ | ③ | ③ | ③ | ③ | ③ | ③ | ③ | ③ | ③ |
| ④ | ④ | ④ | ④ | ④ | ④ | ④ | ④ | ④ | ④ | ④ | ④ | ④ | ④ | ④ |
| ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ | ⑤ |
| ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ | ⑥ |
| ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ | ⑦ |
| ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ | ⑧ |
| ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ | ⑨ |
| ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ | ⓪ |

**Time : 1 Hour**
**समय : 1 घण्टा**

**3038**

**Max. Marks : 15**
**अधिकतम अंक : 15**

**अनुक्रमांक (शब्दों में) :** ______________________

**Roll No. (In Words) :** ______________________

**अभ्यर्थी का नाम :** ______________________

**Student Name :** ______________________

**पिता का नाम :** ______________________

**Father Name :** ______________________

कक्ष परिप्रेक्षक के हस्ताक्षर / Invigilator's Signature : ______________________

Note : (i) Total No. of Questions are **Six**.
(ii) Answer **Three** questions in all.
(iii) All Questions carry equal marks.

नोट : (i) कुल **छः** प्रश्न दिए गये हैं।
(ii) किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
(iii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांश का भाव अपने शब्दों में प्रसंग सहित लिखिए – 5

'समस्त मानव–जीवन के प्रवर्तक भाव मनोविकार ही होते हैं। मनुष्य की प्रवृत्तियों की तह में अनेक प्रकार के भाव ही प्रेरक के रूप में पाये जाते हैं। शील या चरित्र का मूल भी भावों के विशेष प्रकार के संगठन में ही समझाना चाहिए'।

2. निम्नलिखित गद्यांश के भाव को संदर्भ सहित अपने शब्दों में लिखिए – 5

'तुम यहाँ से जाकर भी मुझसे दूर हो सकते हो.....? यहाँ ग्राम–प्रान्तर में रहकर तुम्हारी प्रतिभा को विकसित होने का अवसर कहाँ मिलेगा ? यहाँ लोग तुम्हें समझ नहीं पाते। वे सामान्य की कसौटी पर तुम्हारी परीक्षा करना चाहते हैं।

3. द्विवेदी युगीन निबन्ध की विशेषताएँ।

4. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' निबन्ध का सारांश लिखिये। 5

5. हिन्दी नाटक के विकास में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के योगदान को रेखांकित कीजिए। 5

6. 'चन्द्रगुप्त' नाटक में अभिव्यक्त राष्ट्रीय–सांस्कृतिक चेतना को अभिव्यक्त कीजिए। 5

महाराणा प्रताप महाविद्यालय ग्रन्थालय जंगल धूसड़, गोरखपुर 27-5-23

# खण्ड–ब (बहुविकल्पीय)
# Section-B (Objective)

## HND 520

## M.A. IVth SEMESTER EXAMINATION, 2023
## HINDI

### (हिन्दी निबन्ध एवं नाटक)
### (CBCS Mode)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**3038**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) : | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ________________________________

Roll No. (In Words) : ________________________________

**Time : 1 Hour**
**समय : 1 घण्टा**

**Max. Marks : 60**
**अधिकतम अंक : 60**

**नोट : पुस्तिका में 40 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. 'हिन्दी नाटक का आत्म संघर्ष' पुस्तक के लेखक हैं :

(A) डॉ० गिरीश रस्तोगी

(B) डॉ० दशरथ ओझा

(C) मोहन राकेश

(D) उदयशंकर भटट्

2. 'हिन्दी के लोक नाट्य की परम्परा बहुत पुरानी है।' यह कथन है :

(A) दशरथ ओझा का

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) डॉ० गिरीश रस्तोगी का

3. भरतमुनि के नाट्य शास्त्र में किस नाटक की चर्चा मिलती है :

(A) त्रिपुर दाह

(B) अमृत मंथन

(C) असुर पराजय

(D) आनन्द रघुनन्दन नाटक

4. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अपने निबन्ध 'नाटक' में नाटक के किन दो नये उद्देश्यों को जोड़ा :

(A) कौतुक और मनोरंजन

(B) लोक शिक्षण और देशवत्सलता

(C) श्रृंगार और लोक शिक्षण

(D) कौतुक और श्रृंगार

5. भारतेन्दु ने विशुद्ध नाटक रीति से हिन्दी का पहला नाटक किसे माना :

(A) शकुन्तला नाटक

(B) विधासुन्दर नाटक

(C) नहुष

(D) पाखण्ड विडम्बन

6. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा लिखित नाटक नहीं है :

(A) देवमाया प्रपंच

(B) व्यायोग एकांकी नाटक

(C) धनञ्जय विजय

(D) प्रेमयोगिनी

7. 'अंधेर नगरी' नाटक कितने अंकों में विभक्त है :

(A) पाँच

(B) सात

(C) चार

(D) छः

8. चन्द्रगुप्त नाटक में किस पुरूष पात्र ने गीत गाया है ?

(A) चाणक्य

(B) राक्षस

(C) सिंहरण

(D) नन्द

9. 'ब्राम्हण न किसी के राज्य में रहता है और न किसी के अन्न से पलता है ; स्वराज्य में विचरता है और अमृत होकर जीता है।' यह कथन किसने किससे कहा :

(A) चन्द्रगुप्त ने चाणक्य से

(B) चाणक्य ने नन्द से

(C) चाणक्य ने आम्भीक से

(D) चाणक्य ने पर्वतेश्वर से

10. ''जब काली घटाओं से आकाश घिरा हो, रह–रहकर बिजली चमक जाती हो, पवन स्तब्ध हो, उमस बढ़ रही हो, तब किस बात की सम्भावना करनी चाहिए ?'' यह कथन किस नाटक का है–

(A) आषाढ़ का एक दिन

(B) हानूश

(C) अंधेर नगरी

(D) चन्द्रगुप्त

11. "मनुष्य साधारण धर्मा पशु है, विचारशील होने से मनुष्य होता है...." यह कथन किस पात्र का है :

(A) कालीदास

(B) चन्द्रगुप्त

(C) सिंहरण

(D) चाणक्य

12. "कितना गौरवमय आज का अरूणोदय है। भगवान सविता, तुम्हारा आलोक, जगत् का मंगल करें।" यह कथन किस नाटक का है ?

(A) चन्द्रगुप्त

(B) स्कन्दगुप्त

(C) आषाढ़ का एक दिन

(D) हानूश

13. सुमेलित नहीं है :

(A) सुवासिनी – सखे वह प्रेममयी रजनी

(B) अलका – हिमाद्रि तुंग श्रृंग से

(C) कार्नेलिया – अरूण यह मधुमय देश हमारा

(D) कल्याणी – मधुप कब एक कली का है

14. 'यहाँ के पत्थर पहले भी मूल्यवान थे' यह कथन किस नाटक का है :

(A) हानूश

(B) चन्द्रगुप्त

(C) आषाढ़ का एक दिन

(D) अंधेर नगरी

15. सुमेलित है :

| | पात्र | नाटक |
|---|---|---|
| (A) | अम्बिका | चन्द्रगुप्त |
| (B) | प्रियंगुमंजरी | स्कन्दगुप्त |
| (C) | निक्षेप | आषाढ़ का एक दिन |
| (D) | दन्तुल | चन्द्रगुप्त |

16. जयशंकर प्रसाद का नाटक नहीं है :

(A) कामना

(B) आधे–अधूरे

(C) एक घूँट

(D) विशाख

17. 'योग्यता एक चौथाई व्यक्तित्व का निर्माण करती है। शेष पूर्ति प्रतिष्ठा द्वारा होती है।' यह कथन किस पात्र का है :

(A) राक्षस

(B) चाणक्य

(C) मातुल

(D) निक्षेप

18. हानूश नाटक की प्रेरणा भीष्म साहनी को किस देश की घड़ी देखकर मिली ?

(A) रूस

(B) चेकोस्लोवाकिया

(C) ग्रीस

(D) इटली

19. असत्य कथन है :

(A) महाराज ने घड़ी बनाने पर हानूश की आँखें फोड़ने का आदेश दिया।

(B) घड़ी नगरपालिका की दीवार पर लगी

(C) घड़ी गिरजाघर में लगी

(D) हानूश का भाई पादरी था

20. हानूश नाटक में निम्नलिखित में कौन नगरपालिका का सदस्य नहीं था :

(A) जार्ज

(B) जेकब

(C) हुसाक

(D) शेवचक

21. निम्नलिखित निबन्धों को प्रकाशन वर्ष के अनुसार क्रम से कीजिए :

1. अशोक के फूल
2. विचार और वितर्क
3. साहित्य सहचर
4. नाखून क्यों बढ़ते हैं ?

(A) 3, 2, 4, 1
(B) 1, 3, 2, 4
(C) 1, 4, 2, 3
(D) 3, 1, 2, 4

22. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी 'कुटज' निबन्ध में 'दरियादिल आदमी' शब्द का प्रयोग किसके लिए करते हैं ?

(A) कबीर
(B) रहीम
(C) भूषण
(D) केशवदास

23. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार 'अपराजेय–जीवन शक्ति' की घोषणा कौन सा पौधा करता है :

(A) कुटज
(B) नीलोत्पल
(C) अरविन्द
(D) मल्लिका

24. 'श्रुतं मे गोपाय' निबन्ध संग्रह है :

(A) उपेन्द्रनाथ अश्क
(B) विद्यानिवास मिश्र
(C) विवेकी राय
(D) कुबेरनाथ राय

25. 'निषाद बाँसुरी' में कुबेरनाथ राय ने किस नदी का वर्णन किया है ?

(A) गंगा

(B) ब्रह्मपुत्र

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

26. 'यात्रा के लिए निकलती रही है बुद्धि, पर हृदय को साथ लेकर अपना रास्ता निकालती रही है।'

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

(B) विद्यानिवास मिश्र का

(C) कुबेरनाथ राय का

(D) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का

27. 'जिस प्रकार आत्मा की मुक्तावस्था.......कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की मुक्तावस्था.... कहलाती है।' इस कथन के रिक्त स्थान भरें।

(A) रसदशा, प्रेमदशा

(B) ज्ञानदशा, रसदशा

(C) मुक्तिदशा, प्रेमदशा

(D) ज्ञानदशा, मुक्तिदशा

28. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं ? निबन्ध में नाखून' किसका प्रतीक है।

(A) मानवता का

(B) पशुता का

(C) (A) और (B) दोनों का

(D) इनमें से कोई नहीं

29. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का निबन्ध 'कविता क्या है ?' सबसे पहले किस पत्रिका में और कब प्रकाशित हुआ ?

(A) हरिश्चन्द्र मैगज़ीन, 1909 ई०

(B) सरस्वती, 1908 ई०

(C) सरस्वती, 1909 ई०

(D) कविवचन सुधा, 1908 ई०

30. 'अनुभूति के द्वन्द्व ही से प्राणी के जीवन का आरम्भ होता है।' यह कथन किस निबन्ध से उदघृत है?

(A) अशोक के फूल

(B) तमाल के झारोखे से

(C) कविता क्या है ?

(D) भाव या मनोविकार

31. कविता के सम्बन्ध में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के कथन हैं :

1. अन्तः करण की चित्तवृत्तियों के चित्र का नाम कविता है
2. काव्य आत्मा की संकल्पात्मक अनुभूति है
3. कविता हमें मनुष्यता की उच्च भूमि पर पहुँचती है
4. जब तक मनुष्य को मनुष्यता की आवश्यकता रहेगी कविता का महत्व अक्क्षुण रहेगा

(A) 3 और 4, दोनों

(B) 1, 3 और 4, दोनों

(C) 2, और 4, दोनों

(D) 1, 2, और 3 तीनों

32. सुमेलित नहीं है :

(A) लोभ और प्रीति – आचार्य शुक्ल

(B) देवदारू – आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) मजदूरी और प्रेम – विद्यानिवास मिश्र

(D) कवि कर्तव्य – महावीर प्रसाद द्विवेदी

33. 'कविता क्या है ?' निबन्ध के उपशीर्षक नहीं हैं :

(A) काव्य में प्राकृतिक दृश्य

(B) सभ्यता के आचरण और कविता

(C) काव्य और व्यवहार

(D) भावना या कल्पना

34. 'नाखून क्यों बढ़तें ? ' निबन्ध सम्बन्धी सत्य कथन है।

(A) लेखक ने पाठकों का ध्यान इस सत्य की ओर नहीं खींचा है कि मनुष्य के भीतर नख बढ़ा लेने की सहज प्रवृत्ति है, जो पशुता की निशानी नहीं है

(B) लेखक के अनुसार प्रेम, मैत्री, त्याग संयम परदुखकातरता पशुता के घोतक नहीं है

(C) (A) और (B) दोनों

(D) (A) और (B) दोनों नहीं

35. कुबेरनाथ राय का निबन्ध नहीं है :

(A) प्रिया नीलकण्ठी

(B) विषाद योग

(C) मराल

(D) भोर का आवाहन

36. 'तमाल के झरोखे से' निबन्ध का प्रकाशन वर्ष है :

(A) 1980 ई०

(B) 1981 ई०

(C) 1982 ई०

(D) 1983 ई०

37. भारतीय संस्कृति के प्रति गहन आस्था व्यक्त करने वाला निबन्ध है :

(A) बेतवा के तीर पर

(B) खामोशी की झील

(C) मेरे राम का मुकुट भींग रहा है

(D) निषाद बाँसुरी

38. सुमेलित नहीं है :

(A) परम्परा बन्धन नहीं – 1976 ई०

(B) कौन तू फुलवा बीन निहारी – 1980 ई०

(C) अंगद की नियति – 1986 ई०

(D) शेफाली झर रही है – 1987 ई०

39. सुमेलित है :

(A) वेद क्या है ? – प्रताप नारायण मिश्र

(B) ममता – बाल कृष्ण भटट्

(C) रंगमंच – बालमुकुन्द गुप्त

(D) जातीय संगीत – भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

40. भारतेन्दु युग का निबन्धकार नहीं है :

(A) बाल कृष्ण भटट्

(B) प्रताप नारायण मिश्र

(C) बाल मुकुन्द गुप्त

(D) बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमधन'

*****